# हिन्दुस्तान

सोमवार
15 दिसंबर 2025, पौष कृष्ण पक्ष, एकादशी, विक्रम संवत् 2082, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO 7 : TOP




रिद्धिमा में मंचित नाटक मेरा राजहंस का एक दृश्य।

## चिकित्सा व्यवस्था पर तंज है नाटक मेरा राजहंस

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नाटक मेरा राजहंस का मंचन किया गया। यह नाटक इतिहासकार और लेखक सुधीर विद्यार्थी के जीवन की सत्य घटना पर आधारित है। साथ ही नाटक चिकित्सा व्यवस्था का गहरा तंज कसता है। नाटक में मुख्य पात्र सुधीर है जो कि अपने मृत पुत्र की यादों में विलीन रहता है। पुत्र चंदन जिसकी मृत्यु अल्पायु में एक सड़क दुर्घटना में हुई है। पिता सुधीर पुत्र वियोग में अकेला पड़ गया है। यहां एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।